CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 27 □ अंक- 346 □ रायपुर, गुरुवार 9 जनवरी 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## शंभू बॉर्डर पर एक और किसान ने की आत्महत्या



**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (न्यूज चैनल)। किसान नेताओं ने कहा कि शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे 55 वर्षीय एक किसान ने गुरुवार (9 जनवरी) को जहरीला पदार्थ खाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, जो तीन सप्ताह के भीतर आंदोलन स्थल पर इस तरह की दूसरी घटना है। तरनतारन जिले के पहुविंड के रहने वाले रेशम सिंह ने पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू सीमा बिंदु पर चरम कदम उठाया, जहां किसान लगभग एक साल से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, केंद्र पर फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने का दबाव बना रहे हैं।

किसानों ने कहा कि रेशम सिंह को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। किसान नेता तेजवीर सिंह ने कहा कि रेशम सिंह लंबे विरोध के बावजूद मुद्दों का समाधान नहीं करने के लिए केंद्र सरकार से नाराज थे। एक अन्य किसान रणजोध सिंह ने 18 दिसंबर को शंभू सीमा पर आत्महत्या कर ली। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले, सुरक्षा बलों द्वारा दिल्ली मार्च रोके जाने के बाद किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले हुए हैं। वहीं, पंजाब सरकार ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसानों के साथ लगातार बैठकें की गईं, लेकिन उन्होंने शीर्ष अदालत द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के साथ बातचीत करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ को पंजाब के महाधिवक्ता (एजी) गुरमिंदर सिंह ने सूचित किया कि समिति ने उन्हें 17 दिसंबर को आमंत्रित किया था, लेकिन प्रदर्शनकारी किसानों ने उनसे बात नहीं की।

## तिरुपति मंदिर मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत, 40 घायल

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (न्यूज चैनल)। आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में बुधवार को वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट केंद्रों के पास भगदड़ मचने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। दरअसल, सुबह से ही हजारों श्रद्धालु वैकुंठ द्वार दर्शन टोकन के लिए तिरुपति के विभिन्न टिकट केंद्रों पर कतार में खड़े थे। यह घटना उस समय हुई जब श्रद्धालुओं को बैरागी पट्टीडा पार्क में कतार में लगने की अनुमति दी गई थी।

भगदड़ मचने से वहां अफरा-तफरी मच गई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। हालात बिगड़ता देख तिरुपति पुलिस ने मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रित किया। बताया जा रहा है कि दर्शन के लिए टॉकन की लाइन में करीब 4,000 लोग लगे थे। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमाला श्रीवारी वैकुंठ द्वार में दर्शन टोकन के लिए तिरुपति में विष्णु निवासम के पास हुई भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। वहीं राज्य की गृहमंत्री अनीता ने भी इस हादसे पर दुख जताया है। सीएम चंद्रबाबू ने कहा, तिरुमाला श्रीवारी वैकुंठ द्वार के दर्शन के लिए टोकन के लिए तिरुपति में विष्णु निवासम के पास भगदड़ में कई भक्तों की मौत ने मुझे स्तब्ध कर दिया है। यह दुखद घटना, जो उस समय घटी जब भक्त बड़ी संख्या में टोकन के लिए एकत्र हुए थे, ने मुझे बहुत परेशान किया।

## 5 नक्सलियों की हुई पहचान 21 लाख का था इनाम



**दंतेवाडा,** 9 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ इलाके में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ को लेकर ताजा अपडेट है. मारे गए नक्सलियों की पहचान कर ली गई है. इनमें 2 महिला और 3 पुरुष शामिल है. चार माओवादियों पर पांच-पांच लाख रुपये और एक नक्सली पर एक लाख रुपये, कुल 21 लाख रुपए का इनाम घोषित था. सर्च ऑपरेशन चलाकर 5 वर्दिधारी माओवादियों के शव और 1 एके-47, 2 नग एसएलआर, 1 नग 8 एम.एम रायफल, 1 नग 12 बोर रायफल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया.

मारे गए नक्सलियों की पी.पी.सी.एम. पीएलजीए प्लाटून नंबर 32 के सदस्य देवसिंह, दिनेश, सुमती उर्फ कमला उर्फ कविता, सुकमती एवं गट्टाकाल मिलिशिया कमाण्डर महेश उर्फ लच्छू पुंगाटी के रूप में पहचान हुई है. एसपी नारायणपुर ने बताया गया कि मारे गयें माओवादियों में देवसिंह पी.पी.सी.एम., पीएलजीए प्लाटून नंबर 32 के सदस्य दिनेष, सुमती उर्फ कमला उर्फ कविता, सुकमती सभी 05-05 लाख ईनामी और महेष उर्फ लच्छू पुंगाटी गट्टाकाल मिलिशिया कमांडर 1 लाख ईनामी नक्सली शामिल हैं. नक्सल विरोधी सर्च अभियान में चार जिले दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर और कोंडागांव की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी. इस अभियान के दौरान 4 जनवरी की शाम से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ हो रही थी. इस मुठभेड़ में जवानों ने अब तक 5 वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया था.

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा राजपाल सिंह यादव का निधन, सैफई में होगा अंतिम संस्कार



**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (न्यूज चैनल)। समाजवादी पार्टी के संरक्षक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई राजपाल सिंह यादव का निधन हो गया है। गुरुवार तड़के चार बजे उनका निधन हुआ है। वो लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली है। उनके निधन की खबर से यादव परिवार और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं अपने चाचा के निधन की जानकारी होने पर अखिलेश यादव भी सैफई के लिए रवाना हो चुके है।

## साइबर ठगी मामले में कर्नाटक और फेडरल बैंक के 216 खाते सीज, करोड़ों के संदिग्ध लेन-देन की जांच जारी

**दुर्ग,** 9 जनवरी (हाईवे चैनल)। साइबर ठगी मामले में छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने कर्नाटक बैंक और फेडरल बैंक के 216 खातों को सीज कर दिया है. इन खातों में 2 करोड़ रुपये से अधिक के संदिग्ध लेनदेन की आशंका जताई गई है. इन खातों को सीज करने का आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक जनवरी को दुर्ग एसपी को जारी किया था.




दरअसल, मोहन नगर थाना के स्टेशन रोड में स्थित कर्नाटक बैंक की शाखा में संचालित 111 खातों को और सीज किया है. पुलिस ने इन खातों में 86.33 लाख रुपये के संदिग्ध लेनदेन को देखते हुए मामला दर्ज किया है. इसके साथ ही सुपेला थाना पुलिस ने फेडरल बैंक के 105 खातों में हुए 1 करोड़ 2 लाख 34 हजार रुपये के संदिग्ध लेनदेन को लेकर एफआईआर दर्ज की है. मोहन नगर पुलिस और सुपेला पुलिस सभी खातों की डिटेल्स निकालकर जांच कर रही है.

एडीशनल एसपी अभिषेक झा दुर्ग ने बताया कि उन्होंने यह मामला गृह मंत्रालय के आदेश पर दर्ज किया है. कर्नाटक बैंक में संचालित 111 बैंक खातों में देश के अलग-अलग राज्यों में हुए अलग-अलग साइबर फ्रॉड के करीब 86.33 लाख रुपये ट्रांसफर हुए हैं. इसके साथ ही इस मामले की जांच भारत सरकार गृह मंत्रालय के पोर्टल बैंक के जरिए भी की जा रही है.

## महापौर चुनाव लड़ने के लिए लिए 20 हजार और पार्षद के लिए 5 हजार धनराशि तय

**रायपुर,** 9 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका आम/उप निर्वाचनों के अभ्यर्थियों से प्राप्त प्रतिभूति (निक्षेप) राशि के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। जिसके अनुसार नगरपालिका (नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत) निर्वाचन के अभ्यर्थियों के लिए यह आवश्यक है कि वह पहले नियम 26 के अनुसार प्रतिभूति (निक्षेप) की निर्धारित राशि जमा कराए।




छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 24 दिसंबर 2024 को अधिसूचना जारी कर छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियमों में संशोधन किया गया है। प्रतिभूति (निक्षेप) राशि के संबंध में आयोग द्वारा पूर्व में जारी संदर्भित निर्देश को अधिक्रमित करते हुए निर्देशित किया गया है कि किसी भी अभ्यर्थी को निर्वाचन के लिए सम्यक् रूप से नाम निर्देशित नहीं समझा जायेगा, जब तक कि उसने नियम 25 के अधीन रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष या तो अपने नामनिर्देशन पत्र के प्रस्तुतिकरण के समय या उसके पूर्व, निर्धारित राशि नगद रूप में जमा न कर दी हो या जमा न करवा दिया हो। ज्ञात हो कि पार्षद की सीट के लिए नगर पंचायत हेतु 1000 रूपये, नगरपालिका हेत 3000 रूपये व नगरपालिक निगम हेतु 5000 रूपये की धनराशि देय होगी। इसी प्रकार नगर पंचायत के अध्यक्ष की सीट के लिए, 10,000 रूपये, नगरपालिका के अध्यक्ष की सीट के लिए 15,000 रूपये तथा नगरपालिक निगम के महापौर की सीट के लिए 20,000 रूपये की धनराशि देय होगी। परन्तु जहां कोई अभ्यर्थी, महिला है या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है, वहां उसे इस नियम के अधीन उपरोक्त विहित धनराशि का केवल आधा भाग निक्षेप करना आवश्यक है। जहां किसी अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता को एक से अधिक नाम निर्देशन पत्र से किसी एक ही स्थान हेतु निर्वाचन के लिए नाम निर्दिष्ट किया गया हो,




CMYK